3 (Sem–3) HIN M 1

2019

HINDI

(Major)

Paper : 3.1

(Aadhunik Hindi Kavyadhara Ka Itihas)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'प्रिय प्रवास' किस कवि की कृति है?

(ख) 'भाखा पंडित' किस साहित्यकार को कहा जाता है?

(ग) 'भारत दुर्दशा' के नाटककार का नाम क्या है?

(घ) गयाप्रसाद शुक्ल किस उपनाम से प्रसिद्ध हैं?

(ङ) 'कामायनी' का प्रकाशन-वर्ष क्या है?

(च) 'अंधायुग' के रचयिता कौन हैं?

(छ) 'थियोसोफिकल सोसाइटी' की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

(ज) 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कौन थे?

(झ) अज्ञेय को किस काव्यकृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(ञ) 'धूमिल' का पूरा नाम क्या है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अति संक्षेप में दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) भारतीय नवजागरण में आर्य समाज की क्या भूमिका रही है?

(ख) जयशंकर प्रसाद की चार काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ग) महादेवी वर्मा के काव्य की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ' की स्थापना कब हुई थी और इसका प्रथम अधिवेशन किनकी अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ था?

(ङ) 'नई कविता' काव्यांदोलन के किन्हीं चार कवियों के नामों का उल्लेख कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए : $5 \times 4 = 20$

(क) "निराला के व्यक्तित्व-निर्माण में कई तत्त्वों का योग है।" इस कथन के पक्ष में संक्षिप्त उत्तर दीजिए।

(ख) प्रगतिवाद की विशेषताओं पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) साठोत्तरी कविता के स्वरूप पर विचार कीजिए।

(घ) 'लघुमानवता' का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'दिनकर' की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. आधुनिक काल की परिस्थितियों पर विचार कीजिए। 10

अथवा

आधुनिक हिन्दी काव्यधारा के उप-विभाजन पर प्रकाश डालिए।

5. भारतेन्दुयुगीन काव्यधारा की मुख्य साहित्यिक प्रवृत्तियों को सोदाहरण लिखिए। 10

अथवा

द्विवेदी युग को 'जागरण-सुधार काल' क्यों कहा जाता है? इस युग की मुख्य काव्य-रचनाओं के आधार पर सतर्क उत्तर दीजिए।

6. प्रयोगवादी काव्यधारा का मूल्यांकन कीजिए। 10

अथवा

'हालावाद' से आप क्या समझते हैं? 'बच्चन' के कवि-व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक लेख लिखिए।

7. छायावादी कवियों में जयशंकर प्रसाद का स्थान-निर्धारण कीजिए। 10

अथवा

'नई कविता' की विशेषताओं की समीक्षा कीजिए।

★★★